### विद्युतीकरण करना

* 1. श्रीमती (प्रो0) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखण्ड के ग्राम बनवारा, बरियारपुर, टांड़पर, टल्लू बिगहा, केशोचक तथा चिकसौराडीह ग्राम की अधिकांश आबादी पिछड़ा एवं अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव पिछले बीस वर्षों से विद्युत विहीन है तथा विद्युतीकरण के अभाव में ग्रामीण एवं किसान सिंचाई तथा अन्य सुविधाओं से वंचित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### तार बदलना

* 2. श्री बीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर प्रखंड के जानी बिगहा फीडर से सौहेपुर होते हुए अमरा तक 11000 बोल्ट का विद्युत तार जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तार जर्जर अवस्था में रहने के कारण कई बार दुर्घटनाएँ घट चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सौहेपुर होते हुए अमरा तक 11000 बोल्ट का विद्युत तार बदलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### भवन का निर्माण

* 3. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डोभी का अपना भवन नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन नहीं रहने से स्थानीय मरीजों एवं जी0टी0 रोड में दुर्घनाओं में घायल लोगों के इलाज में काफी कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, डोभी के भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### वितरण करना

* 4. श्री दामोदर सिंह—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड में आये बाढ़ से प्रभावित बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत और राशि वितरण करने हेतु जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने अपने पत्रांक 559, दिनांक 24 अगस्त, 2012 के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव से 28 लाख रु0 की मांग की है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक उक्त राशि नहीं मिलने के कारण बाढ़ पीड़ित परिवारों के बीच राहत और राशि नहीं वितरण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाढ़ पीडित परिवारों के बीच राहत और राशि का वितरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

### मेडिकल कॉलेज खोलना

* 5. श्री चन्द्रशेखर—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दिनांक 12 फरवरी, 2012 के अंक में प्रकाशित शीर्षक "कब बनेगा मेडिकल कॉलेज" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2007 में ही सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज मधेपुरा, पावापुरी एवं बेतिया में खोलने का संकल्प लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के संकल्प के पाँच (5) वर्ष बीत जाने के बावजूद भी मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज नहीं खुल पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में मधेपुरा में मेडिकल कॉलेज नहीं खोलने का क्या औचित्य है ?

---

विद्युतीकरण करना

* 6. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मनीगाछी प्रखंड में बलौर पंचायत में फकिरना टोला, माउबेहट पंचायत में कमाली टोला, तरियाति गाँव में बिजोश्वर टोला, नेहरा पूर्वी पंचायत में सहनी टोला, ज्योतका पैक टोला पंचायत मे पुरबारी गोरीया टोला, राजे पंयायत मे रामधारी टोला, बधांत पंचायत में भसौर गाँव नेहरा पश्चिमी पंचायत में दमका धुसी टोला गाँवों में आजादी के बाद आजतक विद्युतीकरण नहीं हो पाया है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त गाँव में विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 7. श्री संजय सरावगी—स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 16 नवम्बर, 2012 को प्रकाशित खबर शीर्षक "बन्द होने के कगार पर है निकू" के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा के शिशु विभाग वर्ष 2009 में यूनिसेफ द्वारा 2 करोड़ की लागत से (एन०आई०सी०यू०) निकू की स्थापना की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच० द्वारा उचित रख–रखाव नहीं किए जाने के कारण "निकु" बंद के कगार पर है जिसके कारण सैकड़ों बच्चों का इलाज नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार "निकू" को ठीक कराकर उसको चालू कराना चाहती है एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 8. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि डी०एम०सी०एच०, दरभंगा में 2007 में साठ लाख की लागत से गंभीर रोगियों के उपचार के लिए सर्जिकल आई०सी०यू० का स्थापना की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थापना साल से सर्जिकल आई०सी०यू० के हॉल में तीन सौ दिन ताला लटका रहता है एवं पाँच साल में मात्र तीस मरीज उसमें भर्ती हुए हैं ;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सर्जिकल आई०सी०सू० को खोलवाकर एवं बन्द रखने के लिए दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कतबक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतापूर्ति करना

*9. श्री नौशाद आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के दिघलबैंक प्रखण्डान्तर्गत करवामुनी पं० के करवामुनी राजवंशी टोला से 63 के०वि०ए० का ट्रांसफॉर्मर मरम्मती हेतु विभाग द्वारा दो (2) वर्ष पूर्व ही खोला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीणों द्वारा विभागीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों से बार–बार आग्रह करने के बावजूद अबतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है, जिससे विद्युत आपूर्ति बंद एवं आम लोगों में रोष व्याप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्राम में ट्रांसफॉर्मर लगाकर शीघ्र विद्युतापूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*10. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक 437 (10), दिनांक 28 सितम्बर, 2011 द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना को हड्डी रोग सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित करते हुए विभिन्न कोटि के 140 पदों का स्थायी सृजन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पत्र के अनुसार कंसल्टेंट ऑफ आर्थोपैडिक्स सर्जन से संस्थान में स्थायी निदेशक पद पर नियुक्ति करना था परन्तु अभीतक विभागीय अधिसूचना संख्या 1091 (2), दिनांक 29 सितम्बर, 2011 द्वारा कार्यकारी निदेशक मनोनीत कर कार्य कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजधानी पटना में अवस्थित एक मात्र सुपर स्पेशियलिटी लोकनायक जयप्रकाश नारायण हड्डी रोग अस्पताल में स्थायी निदेशक के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिरिक्त वि०स० स्टे० बनाना

*11. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव विद्युत सब–स्टेशन से कहलगांव प्रखण्ड के 28 पंचायतों एवं सन्हौला प्रखण्ड के 9 पंचायतों को विद्युत की आपूर्ति की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में विद्युत आपूर्ति हेतु एम०टी० एवं एल०टी० लाईन के 165 कि०मी० तार बिछाई गई है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सब–स्टेशन से लम्बी दूरी एवं 37 पंचायतों को बिजली की आपूर्त्ति 5 वर्षों से बाधित हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक अतिरिक्त विद्युत सब–स्टेशन लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

*12. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत पीरो प्रखण्ड के कोथुआ, लहठान, जगदीशपुर प्रखण्ड के बमनियांव एवं कहेन में विद्युत तारों को वर्ष 2011 में चोर द्वारा तार काटकर चुरा लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 से आजतक उक्त गाँव में विद्युत की आपूर्ति ठप्प है ;

(3) यदि उक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चोर द्वारा काटे गए तार को लगाकर विद्युत आपूर्ति उक्त गाँव में करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आपूर्ति करना

*13. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज प्रखण्ड के सिधिवा कुलामनी पंचायत अन्तर्गत कुलामनी गाँव में विद्युत की आपूर्ति नहीं पहुंची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में विद्युत आपूर्ति के लिए 40 लोगों ने 12 वर्ष से राशि जमा कर रसीद कटाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राशि जमा किये गये उक्त गाँव में विद्युत की आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*14. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि आयुष सेवा नियमावली 2010, दिनांक 22 दिसम्बर, 2010 से अधिसूचित है और उसी तिथि से लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमावली के नियम 10 एवं 11 के अन्तर्गत ए०सी०पी० और डायनिमिक ए०सी०पी० की सुविधा अनुमान्य होने के बावजूद अभीतक राज्य आयुष सेवा के चिकित्सकों एवं कर्मियों को ए०सी०पी० का लाभ नहीं प्रदान किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य आयुष सेवा के चिकित्सकों एवं कर्मियों को ए०सी०पी० और डायनिमिक ए०सी०पी० की सुविधा कबतक प्रदान करना चाहती है ?

---

विद्युतीकरण कराना

*15. श्री (डॉ०) इजहार अहमद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बिरौल प्रखण्ड के अन्तर्गत पुनर्वास योजना के तहत 2003–04 में कड़हरी, महमुदा (रोहार), बसौली (कसरौर), ग्यारी, सोनपुर, भवानीपुर, पघाड़ी, रामनगर (अहिलवाड़ा), सोहरवा घाट और कसरौर (करकौली) के लोगों ने आ०अ०प्र० बिरौल विद्युत कार्यालय में रुपया जमा कराया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक उक्त ग्रामों के उपभोक्ताओं को पुनर्वास योजना के तहत गाँवों में विद्युतीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त गाँवों के उपभोक्ताओं को विद्युत उपलब्ध कराने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

*16. श्री (डॉ०) फैयाज अहमद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत विद्युतीकृत ग्राम सकराढ़ी, परोही, पतौना, गढ़िया, गमला, भैरवा से सटे कठैला ग्राम जिसकी आबादी 4000 है वहां अभीतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं कराया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड–1 का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कठैला ग्राम के लोगों को भी विद्युत आपूर्ति प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*17. श्री सबा ज़फर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बागढर एवं बेलगाच्छी का भवन नहीं रहने के कारण चिकित्सकीय कार्य में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों केन्द्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यान्वयन करना

*18. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंडान्तर्गत माँ अम्बिका भवानी मंदिर जो आमी में अवस्थित है, शक्ति सर्किट में जोड़ने का निर्णय विगत तीन वर्ष पूर्व में लिया गया है, यदि हां, तो उक्त निर्णय का अभीतक कार्यान्वयन नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---

सुविधा बहाल करवाना

*19. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीबरावां प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बढ़ौना, डोला टोला–वरैयाबिगहा, धेवधा तथा उकौड़ा में एक भी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी पदस्थापित नहीं हैं, जिससे चिकित्सा सेवा बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक–एक चिकित्सक तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी पदस्थापित करवाकर चिकित्सा सुविधा बहाल करवाने का विचार रखती है,यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तार हटाना

*20. श्री ललन कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर (आरा) जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखंड के धण्डीहां ग्राम के 24 नम्बर बोरिंग के पास स्थित महादलित टोला के पास से हाईटेंशन तार गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 मे हाईटेंशन तार गिर जाने के कारण उक्त महादलित टोला के कई लोग घायल एवं कई मवेशियों की मृत्यु हो गयी थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि इस सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा दिनांक 28 अगस्त, 2011 को अधीक्षण अभियंता, ऊर्जा विभाग, भोजपुर (आरा) को उक्त महादलित टोला के पास से हाईटेंशन तार हटाने हेतु आवेदन दिया था लेकिन आजतक हाईटेंशन तार नहीं हटाया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त महादलित टोला के पास से हाईटेंशन तार हटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अति०स्वा०केन्द्र की स्थापना

*21. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखंड के अटाव ग्राम में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ के लिए भटकना पडता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्राम में शीघ्र अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*22. श्री गजानन्द शाही—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पी०एम०सी०एच०) में 20 वर्षों से प्राध्यापक श्रेणी में न्यूरो फिजिसियन का पद स्वीकृत है, परन्तु अभीतक इस पद पर किसी भी डॉक्टर का पदस्थापन नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

अन्यत्र भवन निर्माण कराना

*23. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला मुख्यालय में अवस्थित राजकीय औषधालय–सह–निर्माणशाला एवं संयुक्त औषधालय एक ही भवन में संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संयुक्त औषधालय के कारण राजकीय औषधालय–सह–निर्माणशाला का औषधि निर्माण कार्य बाधित है, जिसके कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संयुक्त औषधालय का भवन निर्माण अन्यत्र कर संचालित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*24. श्री (डॉ०) दाउद अली—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव अनुमंडल के ग्राम–धरहरा, सरौरा, लाली के डेरा, डुभकी, अमथुआ, वाली, निखिल, बनेहेजी के डेरा, अकालुपुर डेरा, उड़ीयानगंज, खरहाटांड के डेरा, बीता यादव का डेरा, सतुहरी, बडहरा, अमरौढ़ा, डेरा, महादेवगंज, मरखरा, खरवनीया, किरनी, लोकपुर, समोसर, बारासात आदि में दिनांक 12 नवम्बर, 2012 तक विद्युतीकरण नहीं किया जा सका है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों में चालू वित्तीय वर्ष में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुनर्वासित करना

*25. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, आपदा प्रबंन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सिकरी प्रखंड में बकरा नदी के कटाव से पीड़ित पचास परिवार तीन वर्षों से तीराहाट पर अस्थायी निवास बना लिया है, यदि हां, तो इन विस्थापित परिवारों को सरकार पुनर्वासित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

*26. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान–सभा क्षेत्र के ग्राम लगार, गोरैया बथान, यदुवंश नगर, तेहाई, पैकांत, डोइठा, बिरबास में आजादी के 65 वर्षों के बाद भी विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित ग्रामों में शीघ्र विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, हॉं, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*27. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही हे कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखंड के करियन ग्राम में दसवीं सदी के महान दार्शनिक, नैयायिक, उद्‌भव विद्वान आचार्य उदयन का जन्म हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ माता काली जी की अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध मूर्ति है तथा साठ वर्ष पूर्व पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थल की खुदाई के दौरान अति पुराने, उसी समय के काफी अवशेष मिले थे;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उदयनाचार्य के डीह के साथ माता काली जी के मन्दिर का संरक्षण, संवर्धन कराते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉंसफॉर्मर लगाना

*28. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने के कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के वीरबन्ना यादव टोला, नगरपारा मंडल टोला, बिहपुर प्रखंड के विक्रमपुर अनुसूचित जाति टोला, मड़वा भौला स्थान, अमरपुर–मंडल टोला, खरीक प्रखंड के मिरजाफरी दास टोला, पूर्वी घरारी, तुलसीपुर मंडल टोला में 100 के0भी0 का ट्रॉंसफॉर्मर है जो हमेशा जल जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन स्थानों पर उच्च शक्ति का ट्रॉंसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण करना

*29. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के नरारथान टोल में 1 कट्ठा 10 धूर जमीन स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध है, जिसपर 1970 से स्वास्थ्य उप–केन्द्र संचालित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप–केन्द्र भवन 20 वर्ष पूर्व में ध्वस्त हो जाने के कारण स्वास्थ्य उप–केन्द्र बंद हो गया, जिससे दस हजार की जनसंख्या स्वास्थ्य सेवा से वंचित है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक, ध्वस्त स्वास्थ्य उप–केन्द्र की भूमि पर भवन निर्माण कराकर स्वास्थ्य सेवा बहाल करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापना करना

*30. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र हलधराहाट, कुवाड़ी, सुन्दरीमठ एवं पलासी प्रखंड के अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र धर्मगंज तथा भरगामा प्रखंड अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र चरैया में एलोपैथिक चिकित्सक की पदस्थापना नहीं होने से चिकित्सा के अभाव में रोगियों को समुचित चिकित्सा का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों की पदस्थापना सरकार कबतक करने का विचार रखती है ?

---

ऊर्जान्वित करना

*31. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखंड के ग्राम पकड़ीनवरोत्म, सतजोड़ा, चकिया, भोरहा, कोंध, उभंवा, भगवानपुर, तरैया प्रखंड के गलियापुर, पचभिण्डा, चंचलिया, सिरमी–शीतलपट्टी, सानीखराठी, उसड़ी चांदपुरा, आकुचक, राजधानी, टीकमपुर, मटौरा, डेवढ़ी तथा नन्दनपुर में स्थित राजकीय नलकूप विगत 10 वर्षों से विद्युत् अभाव मे बंद पड़ा हुआ है जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानी होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नलकूप को ऊर्जान्वित करने हेतु वर्ष 2008 में ही लघु जल संसाधन विभाग द्वारा ऊर्जा विभाग से प्रत्येक नलकूप के लिए एक–एक लाख रुपये उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि आजतक उक्त नलकूपों को ऊर्जान्वित नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नलकूपों को ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*32. श्री गजानन्द शाही—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखोपुर पंचायत के हैदरचक पर पावर सब–स्टेशन निर्माण के लिए 5 वर्ष पूर्व शिलान्यास किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर स्टेशन के शिलान्यास होने के बावजूद आजतक पावर–सब–स्टेशन का निर्माण शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त पावर–सब–स्टेशन का निर्माण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

औचित्य बतलाना

*33. श्री विभाषचन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखंड के बकिया सुखाय पंचायत के किसी भी गाँव में बिजली की सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*34. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन–2 दानापुर द्वारा निविदा संख्या–2, दिनांक 9 अगस्त, 2012 को निकाला गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता कार्यालय से निर्गत सभी परिमाण विपत्र में दर के कॉलम में छेड़–छाड़ किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सम्बन्धित अधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण कराना

* 35. श्री मंजीत कुमार सिंह—दैनिक समाचार पत्र दिनांक 06 अप्रील, 2011 में प्रकाशित "बायोमास व सौर ऊर्जा से जगमग होगे 820 गाँव" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के 28 गाँव और कैमूर जिला के अधौर एवं चैनपुर प्रखण्ड के 20 गाँव में गैसीफायर और सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत आपूर्ति करने हेतु बिहार स्टेट पावर हाइड्रो इलेक्ट्रीक कॉरपोरेशन को जिम्मेवारी सौंपी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्चस्तरीय निर्णय के बावजूद अब तक विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

* 36. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के (1) प्रेमनगर ग्राम में नुनीया टोला महेन्द्र महतो के घर से ब्रह्म स्थान जानेवाली सड़क पी0सी0सी0 निर्माण कार्य (2) प्रेमनगर एन0एच0–77 सुरेश साह के दुकान से लालबाबु झा के घर तक पी0सी0सी0 सड़क निर्माण सहित कुल 20 योजनाओं मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना में वितीय वर्ष 2011–12 में चयन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनाओं का आजतक प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देकर निर्माण कार्य करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

* 37. श्री पद्म पराग राय वेणु—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखण्ड के बेलय पोठिया पंचायत के धुमगड गाँव में बिजली नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक धुमगड़ गाँव में बिजली आपूर्ति कराना चाहती है ?

---

अस्पताल बनाना

* 38. श्री संजय कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है वैशाली जिला के सहदेई बुजूर्ग प्रखण्ड के सरकारी अस्पताल की जर्जर स्थिति की जाँच करने तथा जाँच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अन्दर समर्पित करने का आदेश जिला पदाधिकारी वैशाली ने अपने पत्रांक 10721, दिनांक 09 अक्टूबर, 2012 द्वारा सिविल सर्जन वैशाली को दिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त जर्जर सरकारी अस्पताल की मरम्मती लंबित है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

बिजली आपूर्ति करना

* 39. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखण्ड में पुपरी ग्रीड स्टेशन से बिजली की आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को समुचित ढंग से बिजली नहीं मिल पाने के कारण उपभोक्ता सहित कृषि कार्यों पर कुप्रभाव असर पड़ रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थिति में बाजपट्टी प्रखण्ड में

पुपरी ग्रीड स्टेशन के बदले पिपराही की नवनिर्मित ग्रीड स्टेशन से बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 40. श्री विरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर प्रखण्ड के मंगाबार एवं बसन विगहा और बारून प्रखण्ड के पिपरा एवं पेटारी गाँवों के ग्रामीण द्वारा 2010 में विद्युत संबंधन हेतु एग्रीमेन्ट किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में एग्रीमेन्ट के बाद भी आज तक बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 41. श्री विक्रम कुँवर—दिनांक 03 जनवरी, 2012 को हिन्दी समाचार पत्र में प्रकाशित "कमीशन को खरीद ली कारोड़ों की महंगी दवाएँ" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के सदर अस्पताल में कमीशन के लिए दवा खरीद में सरकार को करोड़ों रुपये चूना लगा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन द्वारा ऐसी महंगी दवाओं की खरीद की है जिसे डॉक्टर ने लिखना बन्द कर दिया है और जो भंडार गृह में बेकार पड़ा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि महंगी दवाओं में प्रोफोल प्ली फीड एवं फीडोज जैसे अन्य दवाएं हैं इसके बदले डॉक्टर दूसरे दवा जो सस्ती है, लिख रहे हैं ;

(4) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने वर्ष 2011 में जाँच हेतु जिलाधिकारी सीवान को पत्र दिया जिसकी जाँच जिलाधिकारी सीवान द्वारा किया जिसे सत्य पाया गया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जांच निगरानी विभाग से कराकर दोषी के विरुद्ध कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

कार्रवाई एवं कार्य पूरा कराना

* 42. श्री अख्तरुल इस्लाम शाहिन—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर एवं प्रखंड ताजपुर सहित विभिन्न प्रखण्डों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत चयनित ग्रामों एवं उसके टोलों में विद्युतीकरण का सभी प्रकार के कार्य वर्ष 2011 में पूरा कर लेने का लक्ष्य निर्धारित था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजनान्तर्गत अबतक कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीण बी0पी0एल0 धारी परिवारों को लाभ से वंचित होना पड़ा है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी एजेंसी एवं विभागीय अभियंताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए शेष कार्यों को पूरा कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पावर स्टेशन का उद्घाटन

* 43. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में नवनिर्मित पहलेजा पावर सब–स्टेशन विगत दो वर्ष से बनकर तैयार है लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण अबतक उद्घाटन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो उसका क्या औचित्य है ?

निर्माण कराना

*44. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चानन पिपरिया, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अरमा, मणिकपुर तथा उप–स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर, मोहनपुर, धनौरी, विछवे, लक्ष्मीपुर, झिनौरा, कोनियार, लखना, बरियारपुर, सिंधौल तेतरिया का भवन निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2009–10 में दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक भवनों के निर्माण का कार्य नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सर्किट से जोड़ना

*45. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में प्रदेश में सभी धार्मिक या ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों को पर्यटकों को आकर्षित करने हेतु पर्यटक सर्किट से जोडने का निर्णय लिया गया है, यदि हां, तो सरकार खगडिया का सिद्धपीठ कल्यानी स्थान, भरतखण्ड का बावन कोठली छप्पन द्वारा और चन्दू सौदागर का चन्दवाडीह को पर्यटन सर्किट से जोड़ने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*46. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तुरकोलिया गाँधी घाट जो एक ऐतिहासिक स्थल है, को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना अति आवश्यक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 4 अगस्त, 1917 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने तुरकौलिया गांधी घाट पर अंग्रेज, निलहों के अत्याचार की कहानी किसानों की जुबानी सुनायी थी जो स्थल गाँधी घाट के नाम से जाना जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पर्यटक स्थल को विकसित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पोल लगाना

*47. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसवा प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत से महादलित टोला होते हुए पिपरा टोला, पिपरा टोला से गोदैली तक विगत 5 वर्षों से बांस के सहारे बिजली का तार लगाकर बिजली की आपूर्ति की जा रही है, जिससे विद्युत आपूर्ति बार–बार बाधित होते रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त टोलों में विद्युत की आपूर्ति पोल लगाकर करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थापित करना

*48. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के अनुसार आजतक गोपालगंज जिला अन्तर्गत पंचदेवरी प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी नियमानुसार पंचदेवरी प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना करना

*49. श्री सतीश कुमार––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्डान्तर्गत नवनिर्मित रेफरल अस्पताल, मोहनपुर और पुर्व से कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, फतेहपुर (राघोपुर) में एक भी सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थापित नहीं हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पदस्थापना करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लाभ देना

*50. श्री अवनीश कुमार सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 29 नवम्बर, 2005 के प्रभाव से फेमिली वेल्फेयर लिंक्ड हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम लागू किया गया जो बिहार प्रदेश में भी लागू है परन्तु आजतक एक भी व्यक्ति का इंश्योरेंस राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल द्वारा नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इस योजना के तहत राज्य के सरकारी अस्पतालों में भर्ती होनेवाले मरीजों को लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*51. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकि नगर के धनहा अतिरिक्त उप–स्वास्थ्य केन्द्र में 5 वर्षों से चिकित्सक नहीं है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

पुनर्गठन करना

*52. श्री सुरेश चंचल––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के विभिन्न अस्पतालों में गठित रोगी कल्याण समिति का प्रत्येक तीन वर्ष पर पुनर्गठन किये जाने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के रेफरल अस्पताल, सकरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुरौल में रोगी कल्याण समिति का विगत 8 वर्षों से पुनर्गठन नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड–2 में वर्णित अस्पतालों के रोगी कल्याण समिति के पुनर्गठन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्त करना

*53. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया मे वर्ष 2004 में ही कढ़ान वैरिया, खजूरिया, डिलिया बाजार तथा 2008 में मठिया तथा हुसैनी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने की स्वीकृति हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक किसी भी केन्द्र का न तो भवन बन पाया है न ही डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति हुई है ,

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन, निर्माण तथा डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्या ?

---

निर्माण कराना

*54. श्री सबा जफर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मच्छट्टा का भवन जर्जर है एवं स्टॉफ, आवास, चहारदीवारी नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन स्टॉफ, आवास एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

*55. श्रीमती (प्रो०) उषा सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा प्रखंड के चिकसौरा बाजार में 33/11 विद्युत–सब–स्टेशन चिकसौरा का निर्माण वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुआ जो अबतक चालू नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युत–सब स्टेशन के चालू नही होने के कारण हिलसा के पश्चिमी ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य एवं पठन–पाठन प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त विद्युत–सब–स्टेशन को चालू कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करवाना

*56. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के गम्हरिया गाँव में वर्ष 1970 में लकड़ी के पोल तार पर विद्युत आपूर्ति बहाल की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि लकड़ी का पोल ध्वस्त होने से 20 वर्षों से विद्युत आपूर्ति बंद है जबकि 30 उपभोक्ताओं ने मार्च 2009 में विभाग में राशि विद्युत आपूर्ति हेतु जमा किया, परन्तु आजतक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में बिजली आपूर्ति चालू करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वीच लगाना

*57. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट विधान–सभा क्षेत्र सहित पूरे जिला में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों के साथ स्वीच नहीं लगाये जाने से आये दिन आकस्मिक दुर्घटनाएं होती रहती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जिले के सभी ट्रांसफॉर्मरों के साथ स्वीच लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

बस चलाना

*58. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में पर्यटक स्थल शेरशाह सूरी का मकबरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम से पटना तक भाया प्रखंड करगहर कोचस होते हुए बिहार पर्यटन की एक भी बस नहीं चलती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम से पटना तक भाया प्रखंड करगहर, कोचस होते हुए बस चलाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रासफॉर्मर बदलना

*59. श्रीमती रंजु गीता—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड स्थित बसहा बलनी का ट्रांसफॉर्मर विगत दो वर्षों से जला पड़ा रहने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय उपभोक्ताओं ने उक्त जले ट्रांसफॉर्मर को बदलने हेतु स्थानीय पदाधिकारियों को सरकारी विधान के तहत जून, 2011, जनवरी, 12 एवं अन्य कई बार आवदेन–पत्र देने के बावजूद भी आजतक ट्रासफॉर्मर नहीं बदला गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जले ट्रांसफॉर्मर को शीघ्र बदलने हेतु कौन–सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*60. श्री अजीत कुमार—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के कांटी एवं मरवन प्रखंड में निजी मकान में चल रहे अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र क्रमशः पानापुर हवेली टोले वरकुरवा, मकदुमपुर कोदरिया, लस्करीपुर, धमौली रामनाथ टोले मधुवन, फंदा एवं बड़का गाँव भवन निर्माण हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, मुजफ्फपुर द्वारा अपने कार्यालय के ज्ञापांक–डी०एच०/एम/11/47, दिनांक 20 जनवरी, 2011 द्वारा जमीन उपलब्ध कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध होने के ग्यारह माह बाद भी विभाग के द्वारा भवन निर्माण हेतु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रदान करना

* 61. श्री विक्रम कुँअर—क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार योजना सेवा के उप–निदेशक सह–क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी स्तर के पदाधिकारीयों को 25 वर्षों की सेवा अवधि में मात्र एक प्रोन्नति ही दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत 20 वर्षों की सेवा के बाद कम–से–कम दो प्रोन्नति दिये जाने का प्रावधान है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उप–निदेशक एवं क्षेत्रीय योजना पदाधिकारियों को संशोधित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत द्वितीय प्रोन्नति प्रदान करना चाहती है,नहीं तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

* 62. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत मोतीहारी दलित आदिवासी बहुल गाँव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादी के बाद से उस गाँव का अभीतक विद्युतीकरण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

सूचना उपलब्ध कराना

* 63. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार सरकार के पत्रांक 869, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत है कि माननीय सदस्यों के लिखे पत्र की प्राप्ति सूचना 15 दिनों के अन्दर एवं कृत कार्रवाई से एक माह के अन्दर सूचित किया जाय ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा पत्रांक 169, दिनांक 20 जून, 2012 से कार्यपालक अभियंता, सर्वशिक्षा अभियान, भोजपुर एवं पत्रांक 338 / 12, दिनांक 09 जनवरी, 2012 से जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर से वांछित सूचना माँगी गई है, परन्तु आजतक सूचना अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक सूचना न उपलब्ध कराने का क्या औचित्य है ?

---

ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराना

* 64. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत राजपुर पावर सब–स्टेशन विगत् 15 वर्षों से बनकर तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 07 नवम्बर, 2012 तक उक्त पावर सब–स्टेशन में ट्रॉंसफार्मर एवं बिजली कनेक्शन नहीं लगने के कारण विद्युत की आपूर्ति नहीं की जा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्राथमिकता के आधार पर उक्त पावर सब–स्टेशन को ट्रॉंसफार्मर एवं बिजली कनेक्शन शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तार बदलना

* 65. श्री सदानन्द सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव अनुमंडल में बिजली आपूर्ति के लिए 30 वर्ष पूर्व लगाई गयी तार विगत् 5 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल के जर्जर बिजली के तारों को बदलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू कराना

* 66. डॉ0 अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखण्ड में अतिरक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुन्दह एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेलवा में लम्बे समय से चिकित्सक नहीं जाने के कारण दोनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन्द रहता है ;

(2) यदि उपर्यूक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों बन्द पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को चालू कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा मुहैया कराना

* 67. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रा0 स्वा0 केन्द्र, सरसी में मरीजों की सुविधा के लिए पर्याप्त बेड, डॉक्टर तथा अन्य उपकरण की व्यवस्था का अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन0एच0 107 पर स्थित यह स्वा0 केन्द्र लगभग 20 कि0मी0 की परिधि में (अकेला) एक मात्र चिकित्सा केन्द्र है तथा सुविधा के अभाव में आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) अगर उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रा0 स्वा0 केन्द्र, सरसी में उक्त सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है ?

---

तार लगाना

* 68. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेरिया बम्बर प्रखण्ड के अन्तर्गत बनहारा पंचायत में रायपुरा से बनहारा तक वर्ष 2010 में विद्युत तार एवं पोल की चोरी असामाजिक तत्वों के द्वारा कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत तार एवं पोल की चोरी होने के उपरांत दो साल से विद्युत विभाग के द्वारा पुनः तार एवं पोल नहीं लगाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर सकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रायपुरा से बनहारा तक पुनः पोल गाड़ने एवं उसपर विद्युत तार लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*69. श्री (डॉ०) इजहार अहमद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत गौड़ाबौराम प्रखण्ड मुख्यालय में स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना हेतु प्रश्नकर्ता सदस्य ने फरवरी, 2012 में एवं जून, 2012 में पत्र लिखा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य के पत्र के आलोक में माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग ने प्रश्नकर्ता सदस्य को सूचित किया था कि गोड़ाबौराम प्रखण्ड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सीय संबंधी सभी कार्य जून, 2012 में चालू हो जायेगा परन्तु आजतक इस संबंध में अभीतक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है तथा इस संबंध में सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*70. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखंड के तैजपुर पंचायत अन्तर्गत गठ टोला, डुमरी पंचायत के धीरा बाढ़ इसके अलावे एजनी, पाली आदि गाँवों में आजतक विद्युतीकरण नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना करना

*71. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे रोहतास जिला में विभिन्न अस्पतालों/स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के कुल 346 स्वीकृत पद हैं, जिनके विरुद्ध मात्र 127 चिकित्सक ही पदस्थापित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार शेष 219 रिक्त पदों पर चिकित्सकों की पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*72. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखंड में उमगा पहाड़ पर माँ उमगेश्वरी का प्राचीन मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान जी०टी० रोड के किनारे अवस्थित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि वहां प्रतिदिन श्रद्धालूओं का आना–जाना बना रहता है एवं बसंत पंचमी में विशाल मेला लगता है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उमगा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने एवं सरकारी स्तर पर उमगा महोत्सव मनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रसायनों की आपूर्ति

*73. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 13 अक्तूबर, 2012 को प्रकाशित "एन०एम०सी०एच० में मरीजों की जाँच पर आँच" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की

कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि एन०एम०सी०एच० के इमरजेंसी लैब से सेन्ट्रल लैब तक में जाँच के लिए जरूरी रसायन पिछले मई माह से ही समाप्त हो जाने के कारण मात्र रूटीन जाँच ही की जा रही है, यदि हां, तो एन०एम०सी०एच० में जाँच हेतु जरूरी रसायनों को अबतक उपलब्ध नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

---

निर्माण करना

*74. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड ग्राम कुन्हैला में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र किराये के मकान में विगत 15 वर्षों से संचालन किया जा रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*75. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज नगर पंचायत अन्तर्गत आई०टी० गेट, अनुमण्डल कोर्ट, डीवरा, फारूकी आदि मुहल्लों में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों पर अत्यधिक लोड होने से ट्रांसफॉर्मरों को जल जाने से उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मुहल्लों में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाकर विद्युत लोड को कम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युतीकरण करना

*76. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के अन्तर्गत ग्राम मोकमा पचलख, वासम जो विद्युतीकरण योजना से आजतक वंचित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है ?

---

पूरा कराना

*77. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड नगर पंचायत के वार्ड संख्या 10 एवं 12 में राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना के तहत एक वर्ष पूर्व विद्युतीकरण का कार्य आरम्भ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वार्डों में अभीतक विद्युतीकरण का कार्य पूरा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वार्डों में विद्युतीकरण पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनवाना

*78. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विशुनपुर का अपना भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आनेवाले रोगियों को कठिनाई होती है एवं स्वास्थ्य सेवा अवरुद्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विशुनपुर का भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विकसित करना

*79. श्रीमती लेशी सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत के० नगर प्रखंड के मजरा पंचायत अधीन कमाख्या देवी की प्रसिद्ध मंदिर है जहां हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना हेतु सुदुरवर्ती क्षेत्रों से पधारते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटन क्षेत्र में विकसित करने का विचार रखती है ?

---

स्वा०उ०के० खोलना

*80. श्री छेदी पासवान—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड मोहनियाँ के पंचायत डड़वास में स्वास्थ्य उप–केन्द्र नहीं रहने के कारण उक्त पंचायत के लोगों को इलाज हेतु 18 कि०मी० दूर मोहनियाँ या रामगढ़ जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में मरीजों के इलाज हेतु सुविधा का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य उप–केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ग्रिड से जोड़ना

*81. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अन्तर्गत गणौल, मौजमा, नवटोलिया एवं नारायणपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोड़ का इलाका नारायण ग्रिड से नहीं जुड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रेलवे लाईन की वजह से उपर्युक्त इलाका ग्रिड से नहीं जुड़ा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि रेलवे बोर्ड ने विद्युत बोर्ड को एन०ओ०सी० बहुत पहले दे दिया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपर्युक्त ग्राम को नारायणपुर ग्रिड से जोड़ना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*82. श्री राम नरेश यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवरसा प्रखंड मुख्यालय का अस्पताल भवनहीन है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अविलम्ब उक्त अस्पताल भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*83. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बाल्मीकि नगर उप–स्वास्थ्य केन्द्र के लिए कुल 6 चिकित्सक का पद स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र हेतु 5 वर्षों से मात्र एक चिकित्सक पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उप–स्वाथ्य केन्द्र के लिए स्वीकृत पद पर चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शिफ्ट कराना

*84. श्री मोती लाल प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के रीगा प्रखंड में वर्ष 1992 से किराये के खपरैल मकान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, रीगा के नाम से वर्ष 2010 में एक दाता द्वारा लगभग एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री कर दी गई है, जिसपर डायोगोनेस्टिक सेंटर का निर्माण जून, 2012 में किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा उक्त अस्पताल निर्माण से सम्बन्धित जिला पदाधिकारी, सीतामढ़ी एवं सिविल सर्जन, सीतामढ़ी को मई, 2012 में पत्र के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में शीघ्र बाकी सभी संरचनाओं का निर्माण कराकर अस्पताल को अपने भवन में शिफ्ट कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं , तो क्यों ?

---

बिजली आपूर्ति करना

*85. श्री रामधनी सिंह—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखंड के कथराई ग्राम में 1983 में बिजली की आपूर्ति हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में 1999 में ट्रांसफॉर्मर जलने तथा पुनः नहीं लगने के कारण आजतक बिजली नहीं मिला ;

(3) क्या यह बात सही है कि 1983 में उक्त ग्राम के बैकुण्ठ सिंह, रामकेदार सिंह, हरिहर यादव यदुवंश सिंह इत्यादि कुल 25 लोग कन्जूमर थे ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बिजली आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उपलब्ध कराना

*86. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवहट्टा में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण महिला रोगी के काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

व्यवहार न्यायालय बनाना

*87. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में अभी तक जिला व्यवहार न्यायालय नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण कराना

*88. श्रीमती मुन्नी देवी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2009–10 में भोजपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड शाहपुर में नवसृजित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरिसवन के निर्माण हेतु 53,15,000 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है एवं स्वास्थ्य उप–केन्द्र सरना के निर्माण हेतु निविदा निकाली गई है परन्तु आजतक नहीं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरिसवन के निर्माण हेतु निविदा निकाली गई है और न ही उप–स्वास्थ्य केन्द्र सरना का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरिसवन एवं स्वास्थ्य उपकेन्द्र सरना का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापना करना

*89. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमार खण्ड प्रखंड में स्वास्थ्य उपकेन्द्र में महिला चिकित्सक का पद 20 वर्षों से स्वीकृत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में 5 वर्षों से महिला चिकित्सक नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सक का पदस्थापना करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*90. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मुजफ्फरपुर शहर के मध्य में जूरन छपड़ा के पास सिकन्दरपुर मन है जिस मन में सालो भर पानी जमा रहता है जिसके पानी से पशु–पक्षी लाभान्वित रहते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस मन को असामाजिक तत्वों तथा भू–माफिया के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इसके जीर्णोद्धार से यह जगह एक पर्यटन स्थल तथा पशु–पक्षी के लिए उपयोगी स्थल होगा ;

(4) यदि हाँ, तो सरकार सिकन्दरपुर मन को जीर्णोद्धार कराकर पर्यटन तथा लोकोपयोगी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*91. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमार खंड प्रखंड के पावर सब–स्टेशन को नवम्बर, 2012 में चालू कर देना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब–स्टेशन बिल्डिंग को छोड़कर ग्रीड का कार्य अभीतक शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक पावर सब–स्टेशन का कार्य पूर्ण नहीं करने का क्या औचित्य है ?

दर्जा देना

*92. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिले के बेलसंड अनुमंडल का दर्जा वर्ष 1992 में दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेलसंड अनुमंडल में अभीतक छः बिस्तर वाला ही प्राथमिक स्वा0 केन्द्र ही स्थापित है ;

(3) क्या यह बात सही है कि इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के बावजूंद भी अभीतक अनुमंडलीय अस्पताल का दर्जा नहीं मिल पाया है ;

(4) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा वर्ष 2011 में प्रधान सचिव स्वा0 विभाग के यहाँ शिकायत करने के बावजूद भी अबतक कार्रवाई नहीं की गई है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल को दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

शीघ्र भरना

*93. श्री सुरेश चंचल—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड अपनी अधिसूचना संख्या 540, दिनांक 13 अगस्त, 2005 द्वारा पथ निर्माण विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 5008, दिनांक 22 जुलाई, 1998 को अधिग्रहित कर कार्यरत कनीय विद्युत् अभियंताओं को प्रोन्नत करने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकल्प के तहत ए0एम0आई0ई0 कोटा के तहत वर्ष 2005–06 से 2011–12 तक के कर्णांकित रिक्त पदों पर वर्षवार प्रोन्नति नहीं दिये जाने के कारण सहायक विद्युत् अभियंता के 70 से अधिक पद रिक्त हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्क हैं, तो क्या सरकार खंड–1 में वर्णित अधिसूचना के आलोक में ए0एम0आई0ई0 कोटा के लिए कर्णांकित सहायक विद्युत् अभियंता के रिक्त पदों को वर्षवार प्रोन्नति द्वारा शीघ्र भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

विसंगति दूर करना

*94. श्री अरूण कुमार सिन्हा—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र मे दिनांक 15 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित "बहाली 35 हजार पर और मिले रहे 25 हजार" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों का मूल वेतन जनवरी, 2012 में 20,280 रुपये से घटाकर 14,700 रुपये कर दिया गया है, जिससे चिकित्सकों को कम वेतन पर ही अपनी सेवा देनी पड़ रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के वेतन विसंगति को दूर करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

*95. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अन्तर्गत ग्राम देवापुर उपाध्याय टोला, कोटवां, कमालपुर–पश्चिम टोला, हलुआर–तिवारी टोला, नेउरी बाजार तथा मांझी प्रखंड अन्तर्गत ग्राम मांझी बलुआं टोला, सिकमी, लोहिजरा इत्यादि ग्रामों का विद्युत् ट्रॉसफॉर्मर जून, 2012 से ही जला पड़ा हुआ है, जिससे उक्त ग्रामों में विद्युत् आपूर्ति बन्द है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन ग्रामों के जले हुये ट्रॉसफॉर्मरों के स्थान पर नया ट्रॉसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब–स्टेशन का निर्माण

* 96. श्री दिनकर राम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत मेजरगंज प्रखंड मुख्यालय में पावर सब–स्टेशन का निर्माण नहीं होने के कारण बिजली बार–बार बाधित होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु मेजरगंज प्रखंड मुख्यालय में एक पावर सब–स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरण का औचित्य

* 97. श्री तारकिशोर प्रसाद—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला स्थित सदर अस्पताल में आर्थोपेडिक चिकित्सक का पद रिक्त है,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में नियुक्त चिकित्सक को दूसरे अस्पताल में स्थानान्तरित कर दिया गया है जिससे जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल में हड्डी रोग से संबंधित रोगियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

निर्माण एवं सुसज्जित कराना

* 98. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण के घोड़ासहन प्रखण्ड में एक अतिप्राचीन कुरनिया माता मंदिर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार्मिक स्थल पर सप्ताह के दो दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं एवं दशहरा, चैत एवं रामनवमी के अवसर पर भव्य मेला लगता है तथा शादी–विवाह भी आयोजित होता है परंतु श्रद्धालुओं एवं शादी–विवाह सम्पन्न कराने हेतु आये लोगों को ठहरने हेतु कोई सरकारी भवन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु धर्मशाला–सामुदायिक भवन का निर्माण कराने तथा सुसज्जित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत आपूर्ति करना

* 99. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसवा प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत के धनखनिया गाँव के महादलित टोला के तीन सौ परिवारों को आजतक बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पाँच वर्ष पूर्व 50 परिवारों द्वारा विद्युत आपूर्ति हेतु उपभोक्ता का पर्चा कटाया जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त टोलों में बिजली की आपूर्ति कबतक करना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉसफॉर्मर लगाना

* 100. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव विधान–सभा क्षेत्र के अगिआँव, नारायणपुर, पहड़पुर,

चरपोखरी, नोनउर सहित पूरे विधान–सभा क्षेत्र के सभी ट्रॉंसफॉर्मर पर लोड 100 परसेंट से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसी भी ट्रॉंसफॉर्मर पर 80 परसेंट से अधिक लोड होने पर अतिरिक्त ट्रॉंसफॉर्मर लगाये जाने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रावधान के बावजूद अगिऑंव विधान–सभा क्षेत्र में कोई मोनेटरिंग और सर्वेक्षण बिजली विभाग के पदाधिकारियों द्वारा नहीं की गयी जिससे ट्रॉंसफॉर्मर बार–बार जल रहे हैं ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अगिऑंव विधान–सभा क्षेत्र के ट्रॉंसफॉर्मरों का सर्वेक्षण कराकर अधिक शक्ति का एवं अतिरिक्त ट्रॉंसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है ?

---

पूर्ण कराना

* 101. डॉ0 अरूण कुमार––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत महमदपुर के ग्राम एनी में स्वास्थ्य उप–केन्द्र का निर्माण वर्ष 2006 में विभाग के द्वारा किया गया था, जिसका प्राक्कलन की राशि 6,48,000/ रू0 था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लींटर स्तर तक निर्माण कर भवन को अधूरा छोड़ दिया गया है, जिसके चलते वहां के रोगियों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माणकर्ता पर कार्रवाई करते हुए भवन को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हॉं, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

---

विकसित करना

* 102. श्री सतीश कुमार––क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत बुद्ध सर्किट पर्यटक स्थल में शामिल चेचर ग्राम समूह के प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल चेचर मंदिर,कटहरिया मंदिर, गणिनाथ मंदिर, मथुरापुर भिण्डा एवं बाजितपुर भिण्डा में पर्यटकों की सुविधा का घोर अभाव है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पर्यटक स्थलों को विकसित करने का विचार रखती है, यदि हॉं, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉंसफॉर्मर बदलना

* 103. श्री दिनेश कुमार सिंह––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा यह घोषणा वर्ष 2010 में किया गया था कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे एवं देहाती क्षेत्रों में 72 घंटे में जले ट्रॉंसफॉर्मर को बदल दिया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही कि भोजपुर जिला अन्तर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड में दावॉं जगदीशपुर, हेतमपुर, ककिला, महुरही, ज्ञानपुरा, अंगरा, लहठान सहित दर्जनों गॉंव में ट्रॉंसफॉर्मर एक वर्ष से जला हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गॉंव में जले ट्रॉंसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हॉं, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बिजली देना

*104. डॉ० कृष्णनन्दन यादव––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान–सभा क्षेत्र में 5–6 गाँव को छोड़कर किसी भी गाँव में तीन फेज बिजली नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार शेष बचे गाँवों में तीन फेज बिजली देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

औचित्य बतलाना

*105. श्रीमती पूनम देवी यादव––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया प्रखण्ड के कासिमपुर पंचायत के ग्राम मधुवा में चमरू चौधरी, राम एकबाल यादव, माखन यादव, फूलो साहनी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह सहित 49 व्यक्तियों एवं भदास दक्षिणी पंचायत के सोरायडीह गाँव में 46 उपभोक्ताओं द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु सारी औपचारिकताएँ 28 जुलाई, 2001 को पूरा करने के बाद भी उक्त दोनों गाँवों के उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिल रही है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

जर्जर तार बदलना

*106. श्री पवन कुमार जायसवाल––क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में विद्युत आपूर्ति तार काफी पुराने एवं जर्जर हो गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराने एवं जर्जर तार बदलने हेतु वित्तीय वर्ष 2010–11 में पूर्वी चम्पारण जिला में जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे, उसमें बैरगनिया में विद्युत तार को नहीं बदला गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ढाका एवं घोड़ासहन प्रखण्ड में बिजली के पुराने एवं जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कराना

*107. श्री प्रेम रंजन पटेल––क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि 201 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उत्क्रमण की स्वीकृति वर्ष 2006–07 में दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य अभीतक प्रारम्भ नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

बहाल करना

*108. श्री संजय कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत ग्राम बगही थाना तरैया के अन्तर्गत विगत छः माह से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर जलने के कारण मेधावी छात्र–छात्राओं के पठन–पाठन तथा ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्थानीय ग्रामीणों ने दिनांक 01 अक्तूबर, 2012 को श्रम मंत्री, बिहार को अपना आवेदन देकर ट्रांसफॉर्मर लगवाने हेतु ध्यान आकृष्ट किया था जिसपर माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत प्रमंडल, छपरा को दिनांक 01 अक्तूबर, 2012 को आवेदन अग्रसारित करते हुए यथाशीघ्र ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु अग्रसारित किया था, परन्तु आजतक किसी तरह का कार्रवाई नहीं हुआ है ;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में सरकार कबतक नया ट्रांसफॉर्मर लगवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

लक्ष्मीकान्त झा,<br>
प्रभारी सचिव,<br>
बिहार विधान–सभा ।

पटना :<br>
दिनांक 30 नवम्बर, 2012 (ई०) ।

बि० स० मु० (एल०ए०) 152 डी०टी०पी०–450